# न्यायालय सहायक कलेक्टर (फास्ट–ट्रेक) बांदीकुई जिला दौसा

प्रकरण सं. 220/2014
दिनांक 18.11.2014
इस न्यायालय में दर्ज प्र.स.34/22
प्रकरण दायर दिनांक 03.01.2022
प्रकरण निर्णय दिनांक 01.04.2022

उनवान

1. श्री किशन लाल पुत्र श्योनारायण , जाति कुम्हार निवासी बसवा
2. चिरंजी लाल पुत्र श्योनारायण , जाति कुम्हार निवासी बसवा

–: वादी

बनामः–

1. श्री रामजीलाल दत्तक पुत्र ओंकार
2. प्रभुदयाल पुत्र लल्लूराम
3. मोती लाल पुत्र लल्लूराम
4. रमेश पुत्र लल्लूराम
5. सुभाष पुत्र लल्लूराम
6. पारस पुत्र लल्लूराम
7. श्यामलाल पुत्र लल्लूराम
8. रामबाबू पुत्र लल्लूराम
9. बुद्धी देवी पत्नि लल्लूराम
10. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील बसवा दौसा।

:– प्रतिवादीगण

" दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा एवं दुरूस्ती इन्द्राज "

::निर्णयः:

वादी ने वाद पत्र खिलाफ प्रतिवादी वास्ते दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा एवं दुरूस्ती इन्द्राज इस आशय
का निम्न प्रकार पेश किया कि ग्राम
न्यायालय उप– जिला कलेक्टर बांदीकुई में दिनांक 18.11.2014 को इस आशय का निम्न प्रकार पेश किया कि ग्राम
तहसील बसवा जिला दौसा में भूमि खेवट खतौनी संख्या नई 145 पुरानी 84 का खसरा नं. 7809 रकबा 0.51 है0
खसरा नम्बर 8851 रकबा 0.85 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 1.36 है0 वार्षिक लगानी 21.76 रूपये उक्त भूमि में वादी
का 3/4 हिस्सा व प्रतिवादीगण न. 2 लाo 9 का 1/4 हिस्सा दर्ज रिकार्ड है प्रतिवादी संख्या 1 ओंकार के दत्तक चला
गया है इसलिये उसका हिस्सा भूमि मुतदाविया में से वादीगण के हिस्से 3/4 में से इजाफ हो गया है प्रतिवादी सं. 1
ओंकार की भूमि पर काबिज काश्त है व उसकी चल अचल सम्पति पर काबिज है जिसका वादीगण की भूमि में से किसी
भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नही है इसलिये वादीगण भूमि मुतदाविया में अपने हिस्सा 3/4 दर्ज कराने की दुरूस्ती
करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने के अधिकारी है व इस अमर की दुरूस्ती वादीगण न्यायालय हाजा से करवाने के
अधिकारी है। भूमि मुतदाविया मेसे प्रतिवादी संख्या 1 का हिस्सा 3/4 दर्ज प्रतिवादी सं. 1 ओंकार के गोद चले जाने के
कारण भूमि मुतदाविया में वादीगण का हिस्सा 3/4 दर्ज किया जाकर भूमिमुतदाविया का सरस नरस के हिसाब से

सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट

Scanned with CamScanner

तकास्ना किया जाकर वादीगण का अलग चक व अलग खाता कायम किया जावे। भूमि मुतदाविया में वादी के कब्जे उत उपभोग में मजामहत पैदा करने से दवामी तौर पर पावन्द किये जाने हेतु वाद पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण जरिये सम्मन नोटिस तलवी करवाई गई। तलवी होने जाने पर भी प्रति वादी उपस्थित नही होने के कारण दिनांक 26.11.2016 एकतरफा कार्यवाही की जाकर पत्रावली साक्ष्यवादी पर नियत की गई। वादी द्वारा किशन लाल पुत्र श्योनारायण , भौरीलाल पुत्र पन्या प्रजापत छोटेलाल पुत्र भरत लाल जाति मीना चिरंजी लाल पुत्र श्योनारायण के साक्ष्य शपथ पत्र पेश किये गये। दिनांक 23.02.2017 को प्रतिवादी की ओर प्रार्थना पत्र के साथ एडवोकेट अमर सिंह गुर्जर द्वारा वकालत नामा पेश किया गया जवाव वादी चाहा गया प्रतिवादी की ओर से दिनांक 24.04.2017 को जवाब दावा पेश किया गया पत्रावली प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 7 व धारा 151 जा.दी. के जवाव पर रखी गई। दिनांक 7.05.2018 को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वारा 2018 कैम्प वसवा में उपस्थित पक्षकारान द्वारा तकास्ना करने का निवेदन किया गया दावा प्राथमिक डिकी किया जाकर पक्षकारान के मध्य कब्जा मौका रास्ते आदि का ध्यान रखते हुये सरस नरस के आधार पर दोनो पक्षों की मौजुदगी में किया जाकर कुर्रेजात भिजवाने के आदेश दिये गये। पत्रावली इस न्यायालय में दिनांक 03.01.2022 को स्थानान्तरण होकर प्राप्त हुई। तहसीलदार वसवा के पत्रांक 3315 दिनांक 09.03.2020 के द्वारा तहसीलदार बसवा द्वारा पत्रावली पर कुर्रेजात प्रस्ताव उपलब्ध करवाये गये जो निम्न है:-

| हाल जमाबंदी में दर्ज खातेदारी | | | | | कुर्रेजात के अनुरार खातेदार का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | खातदार का नाम | ख.न. | रकबा | किस्म | क्र.स. | खातेदार का नाम | ख.न. | रकबा | किस्म |
| 1 | 1– किशन लाल पुत्र श्योनाराण हिस्सा 1/4 जाति कुम्हार सा. देह खातेदार<br>2–चिरंजीलाल पुत्र श्योनारायण हि. 1/4 जाति कुम्हार सा.देह<br>3–प्रभूदयाल पुत्र लल्लुराम हिस्सा 1/32<br>4–पारस पुत्र लल्लुराम हि 1/32 जाति कुम्हार<br>5–बुद्धि देवी पत्नी स्व. लल्लुराम हि. 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार<br>6– मोतीलाल पुत्र लल्लु राम हिस्सा 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार<br>7– रमेश पुत्र लल्लुराम हिस्सा 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार<br>8 रामजीलाल पुत्र श्योनारायण हिस्सा 1/4 जाति कुम्हार सा. दहे.<br>9– रामबाबू पुत्र लल्लुराम 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार<br>10– श्याम लाल पुत्र लल्लुराम 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार<br>11– सुभाष पुत्र लल्लुराम 1/32 जाति कुम्हार सा. दहे. खातेदार | 7809<br>8851 | 0.51<br>0.85 | मु.जा | 1 | किशन लाल,चिरंजीलाल रामजीलाल पुत्रान श्योनारायण जाति कुम्हार हिस्सा 3/4 प्रभूदयाल, पारस, मोतीलाल, रमेश, रामबाबू, श्याम लाल,सुभाष पुत्रान लल्लुराम ,बुद्धिदेवी पत्नी लल्लुराम जाति कुम्हार हि. 1/4 | 7809 | 0.51 | मु.जा. |
| | | | | | | योग | किता 1 | 0.51 | मु.जा. |
| | | | | | 2 | प्रभूदयाल, पारस, मोतीलाल, रमेश, रामबाबू, श्याम लाल, सुभाष पुत्रान लल्लुराम , बुद्धिदेवी पत्नी लल्लुराम जाति कुम्हार | 8851/1 | 0.2125 | |
| | | | | | | योग | किता–1 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | 3 | किशन लाल,पुत्र श्योनारायण हिस्सा पूर्ण जाति कुम्हार सा.देह | 8851/2 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | | योग | किता 1 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | 4 | चिरंजीलाल पुत्र श्योनारायण हिस्सा पूर्ण जाति कुम्हार सा.देह | 8851/3 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | | योग | किता–1 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | 5 | रामजीलालश्योनारायण हिस्सा पूर्ण जाति कुम्हार सा.देह | 8851/4 | 0.2125 | मु.जा. |
| | | | | | | योग | किता–1 | 0.2125 | मु.जा. |

वकील वादी द्वारा प्राप्त कुर्रेजात पर सहमती प्रकट की गई। प्रतिवादी उपस्थित नही है। हमने तहसीलदार वसवा से प्राप्त कुर्रेजात एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया कुर्रेजात में नोट अंकित है कि वादी एवं प्रतिवादी हस्ताक्षर करने से मना कर दिया है। वादी द्वारा दावे में प्रतिवादी संख्या 1 ओंकार के गोद जाना अंकित करते हुये उसके हिस्से की भूमि को हजफ कर अपने हिस्से में दर्ज करवाना चाहता है उक्त सुनवाई का अधिकार इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार में नही है। तहसीलदार वसवा से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(फास्ट ट्रेक) सीकुई

Scanned with CamScanner

अतः आदेश है कि वाद वादी आंशिक स्वीकार किया जाता है ग्राम बसवा तहसील बसवा जिला दौसा में भूमि खेवट खतौनी संख्या नई 145 पुरानी 84 का खसरा नं. 7809 रकबा 0.51 हे0 खसरा नम्बर 8851 रकबा 0.85 हे0 कुल किता 2 कुल रकबा 1.36 हे0 वार्षिक लगानी 21.76 रूपये भूमि का तहसीलदार बसवा से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार तकास्मा किया जावे। तहसीलदार बसवा से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव आदेश का भाग रहेगा। तहसीलदार बसवा नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद करे, अंतीम पर्चा डिकी एवं तहरीर जारी होकर प्रकरण बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

आज दिनांक 01.04.2022 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय मे निर्णय सुनाया गया ।

( भावना शर्मा )
आरएएस
सहायक कलेक्टर फास्ट–ट्रेक
बांदीकुई, जिला दौसा

Scanned with CamScanner